## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी, झारखंड की चार सीटों–पलामू, खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम सहित देश की छियानबे सीटों पर आज से शुरू होगा नामांकन।
- राज्य के पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजद से दिया इस्तीफा, गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह को टिकट देने के खिलाफ अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन।
- रांची के धुर्वा उप डाकघर से ढाई करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का मामला आया सामने, सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी।
- राजधानी रांची सहित राज्यभर में बढ़ी गर्मी, कोल्हान और संताल में कल से तीन दिनों तक हीट स्ट्रोक की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

********************

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गई। इस चरण में 13 मई को झारखंड समेत नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन–पत्र दाखिल कर सकेंगे।

इस बीच, लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन–पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। तीसरे चरण में दस राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 94 सीटों के लिए सात मई को चुनाव होगा।

********************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए झारखंड की चार संसदीय सीटों– सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए आज से नामांकन शुरू हो जायेगा। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। इन चार सीटों में तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा अनुसूचित जनजाति–एसटी के लिए आरक्षित है, जबकि पलामू अनुसूचित जाति–एससी के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। चुनाव आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार, दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। बता दें कि एनडीए तथा आइएनडीआइए ने इन चार सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा पहले ही कर दी है। सिंहभूम में भाजपा ने गीता कोड़ा तथा झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। खूंटी से भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा आमने–सामने होंगे। लोहरदगा में भाजपा ने पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव तथा कांग्रेस ने सुखदेव भगत तथा पलामू में भाजपा ने वीडी राम और राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

********************

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार कल शाम समाप्त हो गया। इस चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्रशासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में कल वोट डाले जाएंगे।

अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, सिक्किम, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी, उत्तराखण्ड और तमिलनाडु में सभी लोकसभा सीटों के लिए इसी चरण में मतदान होगा।

वहीं राजस्थान की 12, उत्तरप्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, असम और महाराष्ट्र की पांच–पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर की दो और छत्तीसगढ, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट के लिए भी पहले चरण में मतदान होगा। इस चरण में एक हजार 625 उम्मीदवार मैदान में हैं।

********************

झारखंड के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता राधाकृष्ण किशोर ने अपने समर्थकों के साथ कल पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को भेजा है। उनके साथ इस्तीफा देने वालों में प्रदेश राजद सचिव राजकमल तिवारी, प्रदेश युवा राजद महासचिव प्रशांत किशोर सहित अन्य शामिल हैं।
उधर गोड्डा में कांग्रेस की ओर से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिये जाने के खिलाफ अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गोड्डा और दुमका में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा।

********************

पाकुड जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

रांची के धुर्वा उप डाकघर से ढाई करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी मामले में सीबीआइ की ओर से रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में चार नामजद और अन्य अज्ञात लोकसेवक तथा निजी कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में चारों नामजद धुर्वा उप डाकघर से जुड़े पदाधिकारी हैं। सीबीआइ ने वरीय डाक अधीक्षक की ओर से 14 दिसंबर 2023 को दर्ज शिकायत का डीएसपी से सत्यापन कराया था। सत्यापन में राशि की निकासी और हेराफेरी की पुष्टि हुई थी। इस संबंध में अलग–अलग ग्राहकों ने डाक विभाग में इसकी शिकायत की थी।

********************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में रामनवमी का त्योहार कल धूमधाम से मनाया गया। इधर खूंटी में रामनवमी की शोभायात्रा में रामभक्तों का उत्साह देखने लायक था। शोभायात्रा में स्थानीय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी शामिल हुए। उधर हजारीबाग में रामनवमी जुलूस के दौरान महिला सशक्तिकरण का नजारा दिखा। आर्य समाज द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकूल की ओर से निकाली गई शौर्य शोभायात्रा में महिलाएं हाथ में तलवार और लाठी के साथ करतब दिखा रही थीं।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में रामनवमी का विसर्जन जुलूस आज निकाला जायेगा। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से सभी जुलूस की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और ड्रोन कैमरे से भी मॉनिटरिंग की जाएगी। जुलूस को लेकर जिले की छह सड़कों पर दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

********************

जमीन खरीद बिक्री मामले में गिरफ्तार झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरसाद की रिमांड के मामले पर आज ईडी कोर्ट में सुनवाई होगी। ईडी की ओर से बड़गाईं की जमीन की खरीद–बिक्री मामले में पैसों के लेनदेन का खुलासा किया है। बता दें कि चारों आरोपियों को कल जेल भेजा गया है।

********************

गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी क्षेत्र में कल रात पुलिस की गोली लगने से एक युवक की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि पुलिस एक आरोपी की तलाश कर रही थी और यह युवक पुलिस को देखकर आरोपी के घर से भाग रहा था। पुलिस की चेतावनी के बावजूद वह नहीं रूका था।

********************

राजधानी रांची सहित राज्यभर के अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ गर्मी बढ़ गयी है। मौसम विभाग ने संताल और कोल्हान प्रमंडल में कल से तीन दिनों तक हीट स्ट्रोक चलने की चेतावनी दी है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं अगले तीन दिनों के अंदर रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जाने का पूर्वानुमान है।

********************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रामनवमी की शोभायात्रा और ईडी की कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा–

प्रभात खबर ने ईडी के हवाले से लिखा है– बड़गाईं जमीन का एक हिस्सा फर्जी दस्तावेज के सहारे गैर आदिवासियों को बेचा गया।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सद्दाम के घर से मिली डायरी से खुला राज, जमीन के लिए अंतू तिर्की को मिले थे लाखों रूपये।

हिन्दुस्तान लिखता है– राम जन्मोत्सव पर रांची में उमड़ा आस्था का सैलाब।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–रामनवमी परराममय हुई रांची।

वहीं रांची एक्सप्रेस और राष्ट्रीय नवीन मेल ने अयोध्या में राम मंदिर में सूर्य तिलक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले चरण के लिए कल होने वाले मतदान की खबर को सुर्खी बनायी है।

**************